समाचार

नोवल कोरोना वायरस

सर्वे दल घर–घर जाकर करेगा लक्षण वाले मरीजों की पहचान

(कोरोना सघन सामुदायिक सर्विलांस कार्य का दिया गया प्रशिक्षण)

कोरबा 09 अप्रैल 2021 –गठित सक्रिय सामुदायिक सर्विलांस दल घर–घर जाकर लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान करेगा। आज निगम के सभी 08 जोन में वार्डो हेतु गठित सर्विलांस दल के सदस्यों को कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया गया। सर्विलांस दल घर–घर जाकर सर्वे करेंगे एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भरकर निगम के जोन कार्यालयों में जमा कराएंगे।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर नोवल कोरोना वायरस से संभावित संक्रमण की निगरानी व नियंत्रण हेतु सक्रिय सामुदायिक सर्विलांस दलों का गठन किया गया है। वार्डो हेतु गठित दल के सदस्य घर–घर जाकर लक्षण वाल मरीजों की पहचान करेंगे ताकि मरीजों की पहचान कर उनका त्वरित उपचार किए जाने के साथ ही मरीजों के होम आईसोलेशन के माध्यम से संक्रमण की श्रृखला को भी तोड़ा जा सके। इन दलों में शिक्षक, निगम कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मितानिन, बहुउदेद्शीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि शामिल है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 08 जोन में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दलों को कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि सर्विलांस दलों द्वारा सर्वे के दौरान प्रपत्र–ए में व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, पता, फोन नम्बर आदि के साथ–साथ क्या व्यक्ति उच्च जोखिम में है, जोखिम का प्रकार क्या है तथा उसने जांच कराई है तो जांच का परिणाम पाजिटिव या निगेटिव क्या रहा है, आदि संबंधी जानकारी भरी जाएगी। सर्वे के दौरान परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी संकलित की जाएगी। सर्विलांस दल के सदस्यों से कहा गया है कि वे सर्वे के दौरान अनिवार्य रूप से मास्क लगाए रहे, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा निर्धारित दूरी बनाकर ही अपना कार्य संपादित कराएं। होम आईसोलेट मरीजों के घर पहुंचने पर यह भी जानकारी लें कि वे होम आईसोलेशन की शर्तो का पूर्ण रूप से पालन कर रहे हैं, आदि सहित विभिन्न बिन्दुओं पर उन्हें आवश्यक जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कोरबा जोनांतर्गत गीतांजलि भवन, परिवहन नगर जोनांतर्गत राजीव गांधी आडिटोरियम, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सियान सदन, पं.रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालय, बालको अंतर्गत मंगल भवन, दर्री जोनांतर्गत कबीर भवन, सर्वमंगला जोन कार्यालय एवं बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में दिया गया। प्राचार्य आर.के.साहू, एम.के. गभेल, एस.सी.आशावान, प्राध्यापक बी.एस.राव, सहायक प्राध्यापक प्रकाश साहू, एस.डी.पटेल, व्याख्याता गौरव शर्मा एवं एल.आर.कर्ष द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जोन के जोन कमिश्नर तथा निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।